SCAT NEWS
स्कैट समाचार

*The Latest Update on Whats Happening Around Us In The World Of Satellite & Cable TV*

*सैटेलाइट और केबल टीवी की दुनिया में हमारे चारों तरफ क्या हो रहा उसका नवीनतम अपडेट*

## DISNEY – RELIANCE MERGER STATUS

The merger plan involving Reliance Industries Ltd's Viacom18, its subsidiary Digital18, and Walt Disney's Star India has been approved by the Mumbai bench of the National Company Law Tribunal (NCLT). The ruling on May 7 by a division bench directed the companies to arrange meetings with their secured and unsecured creditors to secure their approval for the merger.

In February, Reliance Industries, Viacom18 Media, and Walt Disney Corporation agreed to form a joint venture merging the television and digital streaming businesses of Viacom18 and Star India. As part of the transaction, Viacom18's media undertaking will be merged into Star India Private, a Disney-owned firm, with Reliance Industries investing Rs 11,500 crore ($1.4 billion) to fund the joint venture's growth strategy. Nita M Ambani will chair the venture, and Uday Shankar will serve as vice-chairperson.

The next step requires securing over 75% votes from stakeholders in favor of the merger. Additional approvals are needed from NCLT, regulatory bodies, and stock exchanges. Disney anticipates closing the merger with Reliance Industries in the first half of 2025.

## ZEE'S STRATEGIC INITIATIVES

Zee has reported significant growth in advertising revenue, which stood at Rs 1,110.2 crore in Q4 FY23, marking a 10% year-over-year increase. Subscription revenue also saw a 12% year-over-year jump, reaching Rs 949 crore. CEO Punit Goenka expressed optimism about achieving an 18-20% EBITDA by FY 2026, given a conducive pricing policy framework.




Zee has withdrawn its application from NCLT for the merger with Culver Max Entertainment Pvt Ltd (Sony Pictures) and will pursue arbitration proceedings in the Singapore International Arbitration Centre (SIAC) aggressively.

## डिज्नी–रिलायंस विलय की स्थिति

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वायकॉम 18, इसकी सहायक कंपनी डिजिटल 18 और वॉल्ट डिज्नी की स्टार इंडिया से जुड़ी विलय योजना को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने मंजूरी दे दी है। 7 मई को एक खंडपीठ द्वारा दिये गये फैसले में कंपनियों के विलय के लिए अपनी मंजूरी हासिल करने के लिए अपने सुरक्षित और असुरक्षित लेनदारों के साथ बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

फरवरी में, रिलायंस इंडस्ट्रीज, वायकॉम 18 मीडिया और वॉल्ट डिज्नी कॉर्पोरेशन ने वायकॉम 18 और स्टार इंडिया के टेलीविजन और डिजिटल स्ट्रीमिंग व्यवसायों को मिलाकर एक संयुक्त उद्यम बनाने पर सहमति व्यक्त की। लेन–देन के हिस्से के रूप में, वायकॉम 18 के मीडिया उपक्रम को डिज्नी के स्वामित्व वाले फर्म स्टार इंडिया प्राइवेट में विलय कर दिया जायेगा, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज संयुक्त उद्यम की विकास रणनीति को निधि देने के लिए 11,500 करोड़ रुपये (1.4 बिलियन डॉलर)का निवेश करेगी। नीता एम अंबानी उद्यम की अध्यक्षता करेंगी और उदय शंकर उपाध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। अगले चरण में विलय के पक्ष में हितधारकों से 75% से अधिक वोट हासिल करने की आवश्यकता है। एनसीएलटी, नियामक निकायों और स्टॉक एक्सचेंज से अतिरिक्त अनुमोदन की आवश्यकता है। डिज्नी को 2025 की पहली छमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ विलय पूरा होने की उम्मीद है।

## जी की रणनीतिक पहल?

जी ने विज्ञापन राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जो वित्तवर्ष 23 की चौथी तिमाही में 1,110.2 करोड़ रुपये रहा, जो साल दर साल 10% वृद्धि को दर्शाता है। सब्सक्रीप्शन राजस्व में भी साल दर साल 12% की बढ़ोतरी देखी गयी, जो 949 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी। सीईओ पुनीत गोयनका ने अनुकूल मूल्य निर्धारण नीति ढ़ांचे को देखते हुए वित्तवर्ष 2026 तक 18–20% ईबीआईटीडीए हासिल करने के बारे में आशा व्यक्त की।

जी ने कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (सोनी पिक्चर्स) के साथ विलय के लिए एनसीएलटी से अपना आवेदन वापस ले लिया है और सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) में मध्यस्थता कार्रवाई को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ायेगा।

SCAT NEWS

स्कैट समाचार

## DISNEY – ISH PARTNERSHIP FOR ACCESSIBILITY

Disney Star, in collaboration with India Signing Hands (ISH), will offer an Indian Sign Language feed for the ICC Men's T20 World Cup starting June 2. This initiative includes 10 matches, semi-finals, and finals, available on Disney+ Hotstar and Star Sports Network. The company will also support an audio descriptive feed.

## सुलभता के लिए डिज्नी–आईएसएच साझेदारी

डिज्नी स्टार, इंडिया साइनिंग हैंड्स (आईएसएच) के साथ मिलकर 2 जून से शुरू होने वाले आईसीसी पुरूष टी20 विश्वकप के लिए भारतीय सांकेतिक भाषा फीड पेश करेगा। इस पहल में 10 मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं, डिज्नी प्लस हाटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर उपलब्ध है। कंपनी आडियो वर्णनात्मक फीड का भी समर्थन करेगी।

## INDUSTRY APPEAL ON NATIONAL BROADCAST POLICY

During an open house discussion by the Telecom Regulatory Authority of India (TRAI) on the National Broadcast Policy, stakeholders called for a level playing field and creative freedom. Over 100 participants from various sectors, including broadcasters, cable operators, and OTT platforms, expressed concerns about the proposed policy, particularly regarding mandatory Doordarshan content on other platforms.

## राष्ट्रीय प्रसारण नीति पर उद्योग जगत की अपील

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा राष्ट्रीय प्रसारण नीति पर आयोजित एक खुली चर्चा के दौरान, हितधारकों ने समान अवसर और रचनात्मक स्वतंत्रता की मांग की। प्रसारकों, केबल ऑपरेटरों और ओटीटी प्लेटफॉर्मों सहित विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रस्तावित नीति के बारे में चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से अन्य प्लेटफॉर्मो पर अनिवार्य दूरदर्शन सामग्री के बारे में।

## CALL FOR A SINGLE RATING AGENCY

The Indian Broadcasting & Digital Foundation (IBDF) emphasized that the existing audience measurement agency, BARC, is sufficient and that introducing additional agencies could create problems. This stance was presented during TRAI's open house discussion on the National Broadcast Policy.

## एकल रेटिंग एजेंसी की मांग

इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) ने इस बात पर जोर दिया है कि मौजूदा ऑडियंस मापन एजेंसी, बीएआरसी पर्याप्त है और अतिरिक्त एजेंसियों के लाने से समस्यायें पैदा हो सकती है। यह रूख ट्राई की राष्ट्रीय प्रसारण नीति पर ओपन हाउस चर्चा के दौरान व्यक्त किया गया।

## LEADERSHIP CHANGE AT ZEE

Abhay Ojha, CEO of Zee Media Corporation Ltd (ZMCL), has resigned, wi Dr. Idris Loya stepping in as interim CEC Ojha joined ZMCL in 2022 as Chie Business Officer and later became CEO in 2023. His departure follows a significant tenure marked by various roles in major media and FMCG companies.■



## जी में नेतृत्व परिवर्तन

जी मीडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेडएमसीएल) के सीईओ अभय ओझा ने इस्तिफा दे दिया है, उनकी जगह डॉ. इदरीस लोया अंतरिम सीईओ के तौर पर पदभार संभालेंगे। ओझा 2022 में चीफ बिजनेस ऑफिसर के तौर पर जेडएमसीएल से जुड़े और बाद में 2023 में सीईओ बने। प्रमुख मीडिया और एफएमसीजी कंपनियों में कई भूमिकाओं में महत्वपूर्ण कार्यकाल के बाद उनका इस्तीफा आया है। ■